# चोरों की पहचान के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

## ऑटो से बैटरी चोरी का दिया था सीसीटीवी फुटेज

**शहडोल, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े ऑटो से बैटरी चोरी हो गई। पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पीड़ित ने खुद किसी तरह चोरों का पता लगाया और सीसीटीवी फुटेज पुलिस को प्रस्तुत किया। सीसीटीवी में चोरों की पहचान भी हो गई, लेकिन पुलिस दो सप्ताह गुजरने के बाद भी मौके पर जांच करने नहीं पहुं दरअसल, कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में रहने वाले ऑटो चालक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि 4 मार्च की दोपहर उसकी ऑटो सड़क किनारे खड़ी थी और वह घर में खाना बना रहा था। खाना खाने के बाद जब वह अपनी ऑटो के पास पहुंचा तक तक बैटरी चोरी हो चुकी थी। लक्ष्मण ने बताया कि उसने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें चोरी करने वाले तीन आरोपी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। आरोपी पहचान में आ रहे हैं और वे भी ऑटो चालक हैं।

लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उसने ऑटो से बैटरी चोरी होने की शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज करवाई और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपा। यहां तक कि उसने चोरों के नाम भी पुलिस को बताए, लेकिन घटना के दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक मौके पर जांच करने नहीं पहुंची। लक्ष्मण का कहना है कि यह दूसरी बार है जब उसकी ऑटो से बैटरी चोरी हुई है।

बता दें कि जिले में लगातार चोरियां बढ़ती जा रही हैं। शहर में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी चोरों को पकड़ने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश भी दे रहे हैं, लेकिन यह मामला उलटा है। यहां तो पीड़ित खुद पुलिस को चोरों का पता दे रहा है, सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध करवा रहा है, फिर भी दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे साफ होता है कि पुलिस चोरों को पकड़ने में कितनी गंभीर है।

## पांच लाख का सामान और कृष्ण मूर्ति ले गए चोर



**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले के सोहागपुर में नए यातायात थाने के पास एक घर से दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरों ने घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत करीब 5 लाख रुपए का माल चुराया है। साथ ही घर में स्थापित भगवान कृष्ण की मूर्ति भी ले गए।

वार्ड नंबर 32 निवासी सुजीत शुरी का परिवार 13 मार्च को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए गया था। घर की देखरेख के लिए एक चौकीदार नियुक्त किया गया था। सोमवार सुबह 11 बजे चौकीदार ने घर में ताला लगाकर चला गया। परिवार दोपहर 1 बजे घर लौटा।

घर पहुंचने पर परिवार ने देखा कि बाहर का लोहे का दरवाजा और अंदर का लकड़ी का दरवाजा टूटा हुआ था। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के लॉकर से सभी जेवरात और नकदी गायब थी। चोरों ने घर में स्थापित भगवान कृष्ण की मूर्ति भी चुरा ली। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। यह चोरी महज 2 घंटे के अंदर की गई है।

# उमरिया में मौसम के चलते बाघों ने बदला ठिकाना

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बढ़ते तापमान का असर दिखने लगा है। बाघों ने अपना ठिकाना झाड़ियों से बदलकर पानी वाले स्थानों में बना लिया है। रिजर्व के धमोखर बफर क्षेत्र में मंगलवार को एक खास नजारा देखने को मिला।

प्रसिद्ध बफर वाली बाघिन अपने तीन शावकों के साथ तालाब के पास दिखाई दी। बाघिन और उसके शावक तालाब में पानी पीते हुए नजर आए। पर्यटकों ने इस दृश्य का वीडियो बनाया, जो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

धमोखर बफर वाली बाघिन की लोकप्रियता के कारण पर्यटक बफर जोन में सफारी कर रहे हैं। वे शावकों के साथ बाघिन को देखने के लिए विशेष रूप से यहां आ रहे हैं। वर्तमान में बाघ और बाघिन तालाबों, सौसरों और नालों के आसपास अधिक समय बिता रहे हैं।

बफर वाली बाघिन के शावकों की उम्र लगभग 6 माह बताई जा रही है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कोर और बफर जोन में 165 से अधिक बाघ,बाघिन है। शावकों की अठखेलियां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है।



## सार-समाचार

### शहडोल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल में एक युवक जगदीश सिंह गोड़ (24) का घर के पीछे स्थित पेड़ पर लटका मिला है। घटना केशवाही चौकी क्षेत्र के ग्राम कोटा में सोमवार सुबह की है।जगदीश एक दिन पहले रविवार को अपनी पत्नी को मायके छोड़ने गया था। वापस लौटने के बाद वह शाम को घर से निकला। देर तक वापस नहीं लौटने पर पिता राम प्रसाद ने उसकी तलाश की। उन्होंने घर के पीछे पेड़ पर जगदीश का शव देखा।

एक साल पहले हुई थी शादी स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा। चौकी प्रभारी आशीष झारिया के मुताबिक जगदीश की शादी एक साल पहले पड़ोस के गांव में हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की वास्तविक वजह सामने आएगी।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने मिनी ब्राजील में खिलाड़ियों से की चर्चा



**शहडोल, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा मंगलवार को मिनी ब्राजील के नाम से मशहूर विचारपुर के खिलाड़ियों के बीच पहुँचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्बोधित किए जाने पर उनकी प्रतिक्रिया जानी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा मिनी ब्राजील पहुँचकर देखा तो वहाँ 3 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के खिलाड़ी अभ्यासरत थे । वर्तमान में यहाँ लगभग 80 बच्चे अभ्यासरत हैं। जिलाध्यक्ष ने खिलाड़ियों से चर्चा की और उनके विचार जाने। प्रधानमंत्री द्वारा उनके ग्राम का नाम विश्व स्तर पर लेने से वे काफी उत्साहित हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष श्रीमती चपरा ने बच्चों के साथ फुटबॉल भी खेला और उन्हें टॉफियाँ बांटी।



प्रधानमंत्री के शहडोल दौरे पर विचारपुर के खिलाड़ियों अनिदेव सिंह एवं यश बैगा से मुलाकात कर चर्चा की थी, जिनसे मिलकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित फुटबॉल कोच लक्ष्मी सहीस, अनिल सिंह, सीताराम, नरेश कुण्डे, सहायक संचालक खेल, लोक शिक्षण और फुटबॉल कोच रईस अहमद, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अजय सोंधिया व दयानन्द सोंधिया को भी पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं कोच ने अपनी कुछ माँगे भी रखीं, जिनके सम्बंध में श्रीमती अमिता चपरा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खेल मंत्री से इस विषय में चर्चा कर सुविधाएँ उपब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, अमित गुप्ता बंटी, विजय जसवानी, आयुष पाण्डेय, वैभव विक्रम और आदित्य चपरा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ईदगाह सोहागपुर में आज इफ्तार-ए-आम

**शहडोल, देशबन्धु।** नौजवान कमेटी सोहागपुर की जानिब से 19 मार्च बरोज बुधवार को इफ्तार आम का प्रोग्राम रखा गया है। इफ्तार का यह प्रोग्राम जिला न्यायालय के बगल में स्थित पाली रोड सोहागपुर स्थित ईदगाह में होगा। पूर्व पार्षद व युवा समाजसेवी सुफियान खान ने बताया कि नौजवान कमेटी सोहागपुर की तरफ से हर साल की तरह इस साल भी औरतों का इफ्तार का भी प्रोग्राम रखा गया है। औरतो का इफ्तार मौलाना आजाद स्कूल में होगा। सुफियान खान ने तमाम हजरात से गुजारिश की है की वे वक्त का ख्याल रखते हुए ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचकर इफ्तार आम में शामिल हों।

## नीलगिरी की लकड़ी से भरे चार ट्रक जब्त

**शहडोल, देशबन्धु।** वन विभाग ने नीलगिरी की अवैध लकड़ी से भरे चार ट्रक जब्त किए हैं। विभाग ने शहर के विभिन्न स्थानों से यह कार्रवाई की गई।सोमवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी अशोक अवस्थी ने



बताया कि रीवा होटल के पास से दो ट्रक पकड़े गए। इन ट्रकों में तिरपाल के नीचे नीलगिरी की लकड़ी छिपाकर रखी गई थी। दोनों वाहनों को काष्ठागार नरसरहा में रखा गया है। पकड़े गए ट्रकों के नंबर सीजी 12 एएल 4294 और एमपी 18 जीए 4048 हैं।

केशवाही वन परिक्षेत्र के तेन्दुटोला बीट में रात की गश्त के दौरान एक ट्रक पकड़ा गया। यह ट्रक नंबर एमपी 18 जीए 4715 था। बुढ़ार वन परिक्षेत्र में भी एक ट्रक पकड़ा गया। अनूपपुर-बुढ़ार मार्ग पर श्रीवास्तव मोड़ के पास से पकड़े गए इस ट्रक का नंबर एमपी 18 जीए 2679 है।

सभी वाहनों के दस्तावेज नहीं मिले जांच में पाया गया कि चारों ट्रकों के पास लकड़ी परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं थे। पिछले कुछ महीनों से इस क्षेत्र में लकड़ी तस्करी के मामले बढ़े हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग रेत और कोयले की तस्करी पर तो ध्यान देता है। लेकिन जंगलों की निगरानी में कमी के कारण लकड़ी की तस्करी जारी है। इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

## राजन सिंह पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के बांधव धरा के छोटे से गांव गजरंहा के राजन सिंह पिता श्री जीवन सिंह को पी एच डी की उपाधि अर्जित करने में अहम सफलता प्राप्त की है । आप ने पी एच डी के लिए शहडोल -उमरिया जिले के ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटन के क्षेत्र में अध्ययन कर उसमें शोध पूर्ण किया है।



शोधार्थी राजन ने अपने शोध कार्य के लिए महाकौशल महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य अवकेश चतुर्वेदी के निर्देशन में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के इतिहास विभाग द्वारा डां आफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गयी है।

गौरव की बात यह है कि राष्ट्रीय उद्यान के घनघोर जंगल के बीच गजरंहा गांव में आदिवासी समुदाय में जन्मे,पले पोषे नव युवक को मिली इस असहज उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है । उनके इस उपलब्धि पर भी उनके इष्ट मित्रों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। विदित होवे कि आप वर्तमान में मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में भी अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं।

## जनसुनवाई में एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**मझौली, देशबन्धु।** हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में होली के बाद आज 18, मार्च मंगलवार को एसडीएम मझौली आरपी त्रिपाठी आपने राजस्व हमले के साथ उपस्थित रहकर लोगों की समस्या को ध्यान पूर्वक सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए तथा अनावश्यक रूप से शिकायत व फरियाद करने आए लोगों को समझाइए देते हुए उचित मार्गदर्शन प्रदान करते देखे गए। इस जनसुनवाई में पूर्व की जनसुनवाईयों की अपेक्षा कुछ इजाफा देखा गया जहां जनपद पंचायत के साथ अन्य विभाग नगर परिषद, पीएचई, पीडब्लूडी, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, सीसीबी बैंक, आदि के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे वही महिला बाल विकास, आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग,आर ई एस आदि के अधिकारी कर्मचारी पूर्व की भांति नदारत रहे।

## जनसुनवाई में रोजगार और मुआवजे की उठी मांग

**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** उमरिया जिले के पाली विकास खंड के आखिर छोर में बसे गांव मालाचुआ, शाहपुर ,रौंगढ, ब्लाक पडरी,खोलखम्हरा और बंधवा वारा में जे एस डब्ल्यू कंपनी व्दारा कोयला उत्खनन कार्य करने के लिए प्रारंभिक प्रक्रिया के चलते आज शाहपुर में ग्रामीणों , राजस्व अधिकारियों, और कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के बीच जन सुनवाई की कार्यवाही आयोजित की गयी।

जन सुनवाई कार्य क्रम में शिव गोविंद सिंह मरकाम अतिरिक्त कलेक्टर उमरिया, अम्बिकेश प्रताप सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली मनोज रूस्तोगी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जे एस डब्ल्यू, चंद्र देव तिवारी कोल माइन्स हेड, संतोष राजपूत एस ई आर सभी अधिकारी जे एस डब्ल्यू कंपनी डीलन सिंह तहसीलदार पाली ,एस सी बोहित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली, एम एल मरावी नगर निरीक्षक पाली, के साथ सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा।

इस जन सुनवाई कार्य क्रम में अवधेश प्रताप सिंह जनपद उपाध्यक्ष,



मनोज मिश्रा पूर्व जनपद सदस्य के साथ सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि गण , और गणमान्य नागरिक की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। जन सुनवाई में मुख्य रूप से स्थानीय नागरिकों को रोजगार और अर्जित भूमि का उचित मुआवजा, पर्यावरण संरक्षण, खेतों को पानी आदि की मांग रखी गई है।

जेएसडब्ल्यू कंपनी की ओर से मनोज रूस्तगी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने जन सुनवाई में उठी मांगों को लेकर बड़े ही साफ गोई से कहा कि कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की हमारी पहली प्राथमिकता होगी,जो लोग कंपनी के काम के अनुकुल नहीं होंगे, उन्हें प्रशिक्षित कर उन्हें कंपनी के प्रतिकूल बना के रोजगार उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास होगा।

आपने कहा कि हम स्थानीय महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने का काम किया जायेगा । महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए स्थानीय उपार्जन से प्राप्त होने वाली सामग्री जैसे महुआ के लड्डू, चिक्की आदि बनाना सिखा कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम शुरू किया जायेगा।

## लेकर रहेंगे ओल्ड पेंशन स्कीम

**शहडोल, देशबन्धु।** नेशनल फेडरेशन इंडियन रेलवेमेन के आह्वान पर 17 मार्च से 21 मार्च तक एनपीएस युपीएस को खत्म करने विरोध सप्ताह कार्यक्रम के तहत साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर मंडल ने 18 मार्च को बिलासपुर डीआरएम कार्यालय के सामने मंडल समन्वयक बिलासपुर विजय अग्निहोत्री व उप मंडल समन्वयक रविन्द्र कुमार धल के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन किया। सभा में जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी की मुख्य उपस्थित रही।



रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि 11,12 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित एनएफआईआर के वर्किंग कमिटी मीटिंग में सभी रेल जोन के पदाधिकारियों ने प्रस्ताव रखा।

एनएफआईआर यूपीएस का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध कर ओल्ड पेंशन स्कीम दिलाने की चरणबद्ध आंदोलन करें सभी जोन के प्रस्ताव एनएफआईआर के राष्ट्रीय महासचिव डा एम राघवैया ने 17 मार्च से 21 मार्च तक पूरे भारतीय रेल के 17 जोन के इंटक रेल संगठन को एनपीएस युपीएस के विरोध सप्ताह प्रदर्शन का निर्देश दिया। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के निर्देश पर 18 मार्च बिलासपुर मंडल, 20 व 21 मार्च रायपुर मंडल एवं 21 मार्च नागपुर मंडल में विरोध सप्ताह के तहत धरना कार्यक्रम रखा है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में इनोवा कार घुसने का मामला, जांच में जुटा प्रशासन

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, जो बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, वहां एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। बफर जोन पचपेड़ी क्षेत्र में एक इनोवा कार (क्रमांक स्क्क 20 क्क 4643) को वन क्षेत्र में प्रवेश करते हुए देखा गया। कार में रिटायर्ड डिप्टी रेंजर हरिभजन सिंह सहित चार लोग सवार थे। जैसे ही टाइगर रिजर्व प्रबंधन को सूचना मिली, अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

यह मामला शाम के समय का है, जब पर्यटकों की जिप्सियां सफारी के दौरान बफर जोन पचपेड़ी में घूम रही थीं। उसी दौरान एक निजी इनोवा कार प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंच गई, जिससे वन विभाग में हड़कंप मच गया। सफारी के नियमों के अनुसार, निजी वाहनों को वन क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होती, लेकिन फिर भी यह कार अंदर कैसे पहुंची, यह एक बड़ा सवाल है।

जैसे ही टाइगर रिजर्व प्रशासन को सूचना मिली, तत्काल क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि सेवानिवृत्त उपवन क्षेत्रपाल (डिप्टी रेंजर) हरिभजन सिंह इस कार में मौजूद थे। उनके साथ तीन अन्य लोग भी सफर कर रहे थे।

### हरिभजन सिंह ने क्या दी सफाई?

जब अधिकारियों ने हरिभजन सिंह से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि वे खतौली सर्कल में पदस्थ थे और पचपेड़ी बफर जोन के कैंप में श्रमिक से मिलने आए थे। हालांकि, वन विभाग अभी इसकी सत्यता की जांच कर रहा है कि उनके पास बफर जोन में प्रवेश की अनुमति थी या नहीं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निजी वाहनों को वन क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होती। यह एक गंभीर लापरवाही मानी जा रही है, क्योंकि बाघों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए यह नियम बनाए गए हैं। प्रशासन अब घटना की विस्तृत जांच कर रहा है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### क्यों है यह मामला गंभीर?

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा के सख्त नियम हैं। यहां बाघों सहित कई दुर्लभ प्रजातियों का संरक्षण किया जाता है। निजी वाहन के वन क्षेत्र में प्रवेश से वन्यजीवों को खतरा हो सकता है और पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ सकता है।

## भाजपा कार्यालय में उड़े रंग गुलाल

**उमरिया,देशबन्धु।** भाजपा जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें फाग गायक न राधे न होई होरी नगर में,दे दे बुलउवा राधे का ....भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल और मिथिलेश पयासी ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन समारोह के अवसर पर जमकर फाग गया।

इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मंगलवार को होली खेली,इस कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल समेत पूर्व भाजपाध्यक्ष सहित जिले भर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल एवम मिथिलेश पयासी ने संगीत की धुन पर फाग गया,इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं में जमकर जोश दिखा,और शीतल दूध मेवे के साथ ठंडई में डूबे दिखे कार्यकर्ता। रंग और गुलाल से सराबोर कार्यकर्ता रंगोत्सव के पावन पर्व पर एक दूसरे पर गुलाल लगाकर पारम्परिक तरीके से एक दूसरे के गले लगे।इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ-साथ एकता और भाईचारे का प्रतीक है। होली का पर्व दो खंडों में मनाया जाता है।

होलिका दहन जो बुराई पर अच्छाई के जीत को प्रदर्शित करता है,और होली का रंग हमारे जीवन में निखार लाता है।उन्होंने कहा कि रंगों का त्यौहार होली सभी के जीवन मे खुशी लाये और ईश्वर से प्रार्थना कर कहा कि इस सनातनी पर्व को हम सब मिलकर ऐसे ही जीवन भर हर्षोल्लास के साथ मनाते रहे। कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल सहित मिथिलेश पयासी, राजेन्द्र तिवारी, दीपक छतवानी, ज्ञानेंद्र सिंह गहरवार, दिलीप पांडेय, मनीष सिंह, राकेश शर्मा, ज्ञानवती सिंह, अमित सिंह, धनुषधारी सिंह, हरीश विश्वकर्मा, शकुंतला प्रधान, सभी मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।